हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 27 अगस्त 2025

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 एसआईटी से संतुष्ट नहीं सीबीआई से कराएं जांच...



07 मेले में उमड़ा भक्तों का सैलाब, कोई पैदल तो...



## खबर संक्षेप

### समाधान ऑनलाइन एक सितंबर को

**सागर**। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एक सितंबर को आयोजित समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम में आवेदनों की सुनवाई करेंगे। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम शाम 4 बजे कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र में आरंभ होगा।

### माता वैष्णो देवी के लिए तीर्थयात्री 5 अक्टूबर को होंगे रवाना

**सागर**। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रियों के लिए वैष्णोदेवी तीर्थ यात्रा हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में तीर्थयात्रा करने हेतु आवेदन 23 तक प्राप्त किये जावेगें। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देश पर संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। संयुक्त कलेक्टर राजनंदनी शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन के तहत तीर्थयात्रा हेतु किए जा रहे आवेदन में आवेदन में आधार कार्ड नम्बर अनिवार्य रहेगा तथा आवेदन साफ्टकॉपी एवं हार्डकॉपी के द्वारा इस कार्यालय में 23 सायं 05:30 बजे तक भेजना सुनिश्चत करें। तीर्थ यात्रियों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सीय प्रमाण पत्र सहित सभी कालमों एवं सहपत्रों का सूक्ष्म परीक्षण उपरांत पात्र व्यक्तियों के ही आवेदन इस कार्यालय में भेजे जावें। इसके अतिरिक्त जिन तीर्थ यात्रियों द्वारा पूर्व की यात्राओं का लाभ प्राप्त कर लिया गया है। उन तीर्थ यात्रियों के आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएगें।

### कलेक्टर के निर्देश पर सागर सीएम राइज स्कूल का निरीक्षण

**सागर**। कलेक्टर संदीप जी आर के निर्देशानुसार एसडीएम अदिति यादव एवं जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन ने सागर स्थित सीएमराइज स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया गया। अधिकारियों ने निर्माण स्थल पर पहुँचकर भवन की गुणवत्ता, कक्षाओं की संरचना तथा विद्यार्थियों के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य को निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए, जिससे विद्यार्थियों को शीघ्र ही बेहतर शैक्षिक वातावरण उपलब्ध हो सके। एसडीएम अदिति यादव ने संबंधित एजेंसी को कार्य की गति और गुणवत्ता बनाए रखने की हिदायत दी। वहीं, डीईओ अरविंद जैन ने कहा कि विद्यालय के निर्माण पूर्ण होने से क्षेत्र के विद्यार्थियों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त शिक्षा व्यवस्था का लाभ मिलेगा। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने यह भी सुनिश्चित करने पर बल दिया कि भवन निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों का पालन किया जाए तथा उपयोग की जा रही सामग्री की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए।

### पंजीयन हेतु अभियान 5 सितंबर तक

**सागर**। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार, संगठित और असंगठित क्षेत्रों के साथ-साथ गिग/प्लेटफार्म वर्कर जैसे कि स्विगी, उबर, ओला, एमेजॉन, जोमेटो, ब्लिंक कामर्स, ई-कॉम एक्सप्रेस, अंकल डिलेवरी एक्सप्रेस, अर्बन कंपनी, ब्लिंकिट आदि के लिए कार्यरत श्रमिकों का पंजीयन अभियान 25 अगस्त से 5 सितम्बर तक के मध्य नगरीय निकायों में शिविर आयोजित किये जा रहे है। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का संचालन केन्द्रीय श्रम रोजगार मंत्रालय केन्द्र सरकार द्वारा किया जा रहा है। गिग/प्लेटफार्म वर्कर 18 से 60 वर्ष के मध्य वाले ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हेतु अपने निकटतम जिले के नगरीय निकायों में शिविर आयोजित किये जा रहे है। जिसके अंतर्गत कॉमन सर्विस सेंटर (सी.एस.सी.) संचालित है। वहां जाकर अपना ई-श्रम पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करा सकते है।

## जिला शांति एवं सदभावना समिति की बैठक संपन्न

# सभी त्योहारों को आपसी सदभाव व भाईचारे के साथ मनाएं, चल समारोहों में कानून व्यवस्था का रखें ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

आगामी त्योहारों के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला शांति एवं सद्भावना समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कहा गया कि सभी धार्मिक त्योहारों को आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनायें आयोजन समिति मूर्ति स्थापित करें एवं मौसम को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। लाखा बंजारा झील में मूर्तियों का विसर्जन नहीं होगा केवल चकराघाट पर नगर निगम के द्वारा मूर्तियों को एकत्र कर चितौरा नदी विसर्जन के लिए ले जाया जाएगा जहां पूरी पूजा अर्चना के साथ विसर्जन किया जाएगा। सागर में हमेशा से ही सभी त्यौहार पूर्ण शांति, सौहार्द् और गरिमामय ढंग से मनाए जाते रहे हैं। इस परम्परा को कायम रखते हुए सहर्ष सभी जिलेवासी आगामी सभी त्यौहारों को मनाएं। सभी धार्मिक संगठन शोभा यात्राओं, चल समारोहों और धार्मिक आयोजनों में कानून व्यवस्था का विशेष ध्यान रखें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।



अपर कलेक्टर अविनाश रावत ने कहा कि आयोजनों में प्लास्टिक सामग्री का उपयोग करने से बचें। ईको-फ्रेंडली सामग्री जैसे दोना, पत्तल आदि का उपयोग करें। जिला प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी। जिसमें प्रमुखता से विद्युत आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट, पेयजल, सड़क मरम्मत कार्य, यातायात व्यवस्था सहित नगर निगम द्वारा अन्य समस्त व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित कराईं जाएंगी। चल समारोहों में पूरी गरिमा एवं शांति के साथ शामिल होकर त्योहार को संपन्न करने की अपील की गई। गणेश मूर्ति स्थल पर रात्रि में आयोजन समिति के सदस्य रुके। रावत ने कहा कि सभी विसर्जन स्थलों पर गोता खोर, नाव सुरक्षा के संसाधन एवं हाइड्रोलिक मशीन अवश्य तैनात की जावे।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लोकेश सिन्हा ने कहा कि धार्मिक त्योहार मनाते समय पुलिस का सहयोग करें और कानून व्यवस्था का ध्यान रखें। सभी धार्मिक संगठन अपने-अपने संगठनों, समितियों के अधिकारी, पदाधिकारी एवं सदस्यों के नाम मोबाइल नंबर संबंधित थाना प्रभारी को अवश्य उपलब्ध कराएं। सभी चल समारोह की वीडियो कैमरा के माध्यम से निगरानी की जाएगी। सभी आयोजन अपने वालेंटियर्स के माध्यम से भी आवश्यक व्यवस्थाएँ एवं सहयोग से जिला प्रशासन के साथ नियमानुसार कार्य करें। उन्होंने कहा कि गणेश विसर्जन के समय झांकियां ज्यादा ऊंचाई की न बनाए , बिजली के तारो से पर्याप्त अंतर रखें। सभी मूर्ति स्थलों पर एक रजिस्टर अवश्य रखें जिसमें रात्रि कालीन गस्त में पुलिस चेक कर टीप अंकित कर सके।

इस अवसर पर नगर निगम उपायुक्त एस एस बघेल, संयुक्त कलेक्टर आरती यादव, सागर एसडीएम अदिति यादव, नगर पुलिस अधीक्षक ललित कश्यप सहित अन्य अधिकारी एवं जिला शांति समिति के सदस्य मौजूद थे।



## कुंडलपुर के बाद रहली में बड़े बाबा को उच्चासन देने आए थे गुरुदेव ऐलक गरिष्ठ सागर

**रहली**। निर्यापक मुनि श्री अभय सागर महाराज के चातुर्मास में प्रवचन सभा से पूर्व आचार्य गुरुदेव विद्यासागर जी एवं नवाचार्य पूज्य समय सागर महाराज के नवीन चित्रों का अनावरण किया गया । तत्पश्चात ऐलक घनिष्ठ सागर जी महाराज ने उपस्थित जन समूह को संबोधित करते हुए कहा कि कुंडलपुर में बड़े बाबा को उच्च आसन देने की पश्चात रहली के बड़े बाबा को उच्चासन देने के लिए पटना गंज पधारे थे। गंभीर अस्वस्थ की हालत में पहली बार डोली का सहारा लेकर पटनागंज रहली पहुंचे थे जिस डोली में गुरुदेव विराजमान रहते थे मुझे भी अपने वरिष्ठ ब्रह्मचारी भाइयों के साथ अपना कंधा समय देने का अवसर मिला था। पटना गंज रहली में ही मुझे गुरुदेव के गुरुकुल में शामिल होने का आदेश भी गुरुदेव ने दिया था मेरी दीक्षा से पहले अपने ज्ञान को बढ़ाने के लिए मुझे पूज्य निर्यापक श्रेष्ठ मुनि श्री अभय सागर जी के पास भेजा था फिर दीक्षा के बाद उनके ही संघ में भेजकर दूसरा उपकार किया है। ऐलकश्री गरिष्ठ सागर जी ने कहा कि यदि गुरु के सच्चे भक्त हो तो समझ लो कि तुम्हारा कल्याण गुरु की आज्ञा पालन में है इसमें किंतु-परंतु नहीं चलता बल्कि आज्ञा पालन में प्राण प्रण से समर्पण देना होता है। ग्रहस्त जीवन में ही रग रग में बसे गुरुदेव से दीक्षा से पहले जब भी उनके पास जाते थे दीक्षा की बात करते थे तब गुरुजी हमेशा कहते थे भावना भावो समर्पण रखो स्वाध्याय बढाओ बाकी समय पर छोड़ दो ऐसा सभी से कहते थे। गुरुदेव ने समय के साथ समय का मूल्य पहचाना समय पर संघ की जिम्मेदारी समय के हाथों सौंपकर समय को आचार्य पद देकर मुनि से निर्यापक और चतुर्विध संघ का आचार्य पद देकर जो समय की छाया हम सबको दी है गुरु का यह उपकार हम सभी जन्मो जन्मो तक नहीं भूल सकते । आज परम पूज्य आचार्य गुरुदेव एवं नवाचार्य समय सागर जी पर जो लोग आघात कर रहे हैं वो समझ लें जो समय के साथ नहीं चलेगा वहीं पीछे छूट जायेगा समाज कभी माफ नहीं करेगी।



## पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखकर फुलेरा सजाया

**गढाकोटा**। गढाकोटा नगर मै पं रमेश कुमार भार्गव ने बताया कि कजरी तीज आज, इस व्रत से बढ़ती है पति की उम्र और लड़कियों को मिलता है अच्छा पति । भादो मास के कृष्णपक्ष की तृतीया को मनाई जाने वाली तीज को कजरी तीज के नाम से जाना जाता है । साल में खासतौर 3 बार तीज का त्योहार मनाया जाता है। पहली गणगौर तीज, दूसरी कजरी तीज और तीसरी हरितालिका तीज। भादो मास के कृष्णपक्ष की तृतीया को मनाई जाने वाली तीज को कजरी तीज के नाम से जाना जाता है। इसे बूढ़ी तीज और सातूड़ी तीज जैसे नामों से भी जाना जाता है। इस बार कजरी तीज 26 अगस्त मगलवार को मनाया गया। यह व्रत महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर शादीशुदा महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और वैवाहिक जीवन को अच्छा भगवान शंकर और माता गौरी की पूजा अर्चना की। रात मे हरतालिका तीज निर्जला व्रत रखकर फुलेरा सजाया और रात मे चारों पहर विशेष हवन भी किए । महिलाओं ने रात्रि जागरण करके भजन कीर्तन किए एक दूसरे के घर जाकर भाक्ति गीत गाए । इस दौरान गली मोहल्लों मे खासी चहल पहल रही । महिलाओं का यह सबसे कठिन व्रत माना जाता है और नवयुवतियां अच्छे वर के लिए करती है। इसके साथ ही माना जाता है कि अगर किसी लड़की की शादी में देरी हो रही है तो इस व्रत को रखने से उसका विवाह जल्द हो जाएगा।

## खुरई विधानसभा क्षेत्र के सभी स्कूलों में गणेशोत्सव मनाएं : पूर्वमंत्री भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री एवं विधायक भूपेन्द्र सिंह ने खुरई विधानसभा क्षेत्र के बीईओ, बीआरसी और प्राचार्यों से कहा है कि सभी स्कूलों में भगवान गणेश जी की स्थापना कर उत्साहपूर्वक गणेशोत्सव मनाया जावे। खुरई और मालथौन ब्लॉक के बीईओ, बीआरसी और मालथौन ब्लॉक के बीईओ, बीआरसी और प्रचार्यों के मेज में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा है कि 27 अगस्त से भगवान श्री गणेश जी का गणेशोत्सव प्रारंभ हो रहा है। गणेशोत्सव धार्मिक के साथ साथ एकता, सामाजिक जागरूकता और



स्वदेशी का माध्यम है। हम सब जानते है कि लोकमान्य तिलक जी के माध्यम से यह सामूहिक पर्व राष्ट्रीय आंदोलन का हिस्सा बना, भगवान श्री गणेश जी प्रथम पूज्य है, विनायक भी है और विघ्नहर्ता भी हैं। गणेश जी को बुद्धि, विवेक और ज्ञान का देवता माना जाता है। उनके पूजन से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा, धैर्य और विवेक का विकास होता है। गणेश जी को सिद्धि और सफलता देने वाला भी माना जाता है, गणेश जी के पूजन से व्यक्ति आत्मज्ञान की ओर अग्रसर होता है।

भूपेन्द्र सिंह ने पत्र में कहा है कि बीईओ, बीसीआर और प्राचार्य अधीनस्थ क्षेत्र की सभी शालाओं में गणेशोत्सव पर भगवान गणेश जी की स्थापना कर प्रतिदिन पूजन आरती हो, भगवान गणेश जी से हमें जीवन में जो शिक्षा मिलती है उससे छात्र-छात्राओं को अवगत करायें एवं सभी स्कूलों में गणेश जी की स्थापना एवं कार्यक्रमों को प्रतिदिन सोशल मीडिया पर अपडेट करें।

## कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने सीएम हेल्पलाइन के शिकायतकर्ताओं को सुना, शिकायतों का किया निराकरण

**सागर**। पुलिस विभाग सीएम हेल्पलाइन की प्रकरणों का निराकरण पूरी गंभीरता परिदृश्यता के साथ विवेचना कर संतुष्टि पूर्ण निराकरण करें। उक्त निर्देश कलेक्टर संदीप जी आर ने सीएम हेल्पलाइन की निराकरण के दौरान संबंधित पुलिस अधिकारियों को दिए। कलेक्टर सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायत दर्ज कराने वाले व्यक्तियों को समक्ष बुलाकर सुना और मौके पर ही समस्याओं का निराकरण कराया। कलेक्टर संदीप जी आर ने पुलिस अधीक्षक विकास शाहवाल के साथ प्रत्येक मंगलवार की भांति इस मंगलवार को भी जनसुनवाई के पश्चात पुलिस विभाग की लंबे समय से सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का निराकरण कराया। इस दौरान उन्होंने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायत पर संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निर्देश दिए कि संबंधित अधिकारी मौके पर जाकर निरीक्षण करें और समस्या का समाधान करें।



## सेवादल संस्थापक को पुण्यतिथि पर किया स्मरण

**सागर**। कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. एन.एस. हार्डिकर की पुण्यतिथि पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय राजीव गांधी भवन में उन्हें स्मरण किया। डॉ एन.एस.हार्डिकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर ने कांग्रेस सेवादल का गठन किया है, जो कांग्रेस की रीड की हड्डी मानी जाती है। संस्थापक हार्डिकर ने कांग्रेस सेवादल की स्थापना देश की आजादी के लिए की थी। शहर सेवादल के जिला अध्यक्ष सिंटू कटारे ने कहा कि हार्डिकर असाधारण प्रतिभा के धनी व्यक्ति थे। उनकी बहुमुखी व बहुआयामी प्रतिभा के लिए उन्हें आज भी याद किया जाता है। वरिष्ठ कांग्रेसी लीलाधर सूर्यवंशी ने बताया कि कांग्रेस सेवादल की स्थापना का विचार उनके मस्तिष्क में तब आया, जब 1923 में कोकीनाडा जेल में थे। उस समय देश गुलाम था और कांग्रेस के युवा पीढ़ी में नई उमंग का संचार होते देख जेल से निकलते ही 1924 में विधिवत रूप से कांग्रेस सेवादल की स्थापना की। पूर्व पार्षद और वरिष्ठ कांग्रेस नेता भैयन पटेल ने कहा कि आजादी के बाद 1952 से 1962 तक राज्यसभा सदस्य भी रहे। 1960 में हार्डिकर को पद्म विभूषण से भी सम्मानित किया गया था। सेवादल के सभी कार्यकर्ताओं ने उनके बताए मार्गों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व पार्षद वरिष्ठ कांग्रेसी डॉ सी.व्ही.तिवारी और कांग्रेस नेता नरेश चौबे की माता श्रीमति राजदुलारी चौबे के निधन पर शोक व्यक्त करते हुये श्रृद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर हरिश्चंद्र सोनवार, दीनदयाल तिवारी, महेश यादव, नितिन पचौरी, आनंद हेला, कल्लू पटैल पवन घोषी, लल्ला यादव, प्रवीण यादव, अन्नू घोषी, पकंज सोनी,रामकिशन वसंल, फहीम अंसारी, अजय सिंह, रवि जैन राजपूत, निखिल जैन आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## पुलिस के द्वारा डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई कार्रवाई नहीं की जाती है : अमर तिवारी

# साइबर ठगी का शिकार बन जाता है तो नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज या टोल फ्री नंबर 1930 डायल करना चाहिए: महेश श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय शासकीय कला एवं वाणिज्य अग्रणी महाविद्यालय में केंद्र द्वारा संचालित पीएम उषा परियोजना के अंतर्गत एक दिवसीय साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें 200 से अधिक विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफ ने सहभागिता की। इस कार्यक्रम में विषय विशेषज्ञ के रूप में साइबर ब्रांच एसपी कार्यालय के अमर तिवारी, भोपाल से साइबर एक्सपर्ट महेश श्रीवास्तव एवं स्टेट साइबर क्राइम से समीर बलैया उपस्थित रहे।

महाविद्यालय की प्राचार्य एवं अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन एवं द्वीप प्रज्वलन के बाद अतिथि वक्ताओं के स्वागत अभिनंदन की परंपरा निभाई गई। इसके पश्चात महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. इमराना सिद्दीकी ने पीएम उषा प्रोजेक्ट के उद्देश्यों से लोगों को अवगत कराते हुए कहा कि आज इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स एवं तकनीक हमारे जीवन का अभिन्न अंग बन चुकी है एक और यह हमारे जीवन को सुविधाजनक बनाती है, वहीं दूसरी ओर इसके दुष्परिणाम बढ़ते हुए साइबर अपराधों के रूप में देखे जा रहे हैं। इसी परिप्रेक्ष्य में सॉफ्ट स्किल डेवलपमेंट के तहत विद्यार्थियों के लिए साइबर सुरक्षा एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा गया है। इसी क्रम में आगे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सरोज गुप्ता ने अपने अध्यक्षीय उदबोधन में कहा कि आज के समय में महाविद्यालय का दायित्व केवल विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करना ही नहीं बल्कि उन्हें देश एवं समाज की




समस्याओं के प्रति जागरूक बनाना और समाधान सुलझाने योग्य बनाना भी है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि इस कार्यक्रम में प्रशिक्षित विद्यार्थी न केवल स्वयं बल्कि अपने घर मोहल्ले और समाज में इस जानकारी का प्रचार प्रसार कर साइबर अपराधों को रोकने में सहयोगी बनेंगे प्रशिक्षण का आरंभ डिजिटल अरेस्ट जैसी किसी भी फोन कॉल से आपको घबराना नहीं चाहिए साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को ओटीपी के माध्यम से होने वाले ऑनलाइन फ्रॉड के बारे में भी आगे किया। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि ओ टी पी किसी भी लालच में पड़कर कभी भी किसी को शेयर नहीं करना चाहिए और दुर्भाग्य बस यदि कोई व्यक्ति साइबर ठगी का शिकार बन जाता है तो उसे शीघ्र ही नेशनल साइबर क्राईम रिर्पोटिंग पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज करानी चाहिए। या इसका टोल फ्री नंबर 1930 डायल करना चाहिए। उन्होंने सोशल मीडिया अकाउंट पर 2 लेवल वेरीफिकेशन कर उसे सुरक्षात्मक तरीके से चलने की सलाह दी । साइबर एक्सपर्ट अमर तिवारी ने कहा पुलिस की कार्यवाही में डिजिटल अरेस्ट जैसा कोई शब्द नहीं होता सभी नागरिक जागरुक रहे और डिजिटल अरेस्ट के संबंध में जब भी कोई कॉल आए सर्वप्रथम फोन काट कर अपनों से बात करें।

इसी क्रम में भोपाल से उपस्थित हुए साइबर एक्सपर्ट महेश श्रीवास्तव ने विभिन्न प्रकार के साइबर क्राइम अपराधो और उनके कारणों से विद्यार्थियों को परिचित किया। उन्होंने कहा कि हैकर किस प्रकार से आपके फोन या लेपटोप के पासवर्ड हैक कर सकते हैं आपकी महत्वपूर्ण फाइल को हाइड कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को ब्लू टिक संदेशों, फॉलोवर लिंक और डॉट एपीके फाइल से मोबाइल हैक हो जाने की चेतावनी दी । उन्होंने कहा कि हमारे सभी इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स में हाई सिक्योरिटी की व्यवस्था होती है जिस पर हम ध्यान नहीं देते और उनका एक्सेस सभी को उपलब्ध करा देते हैं जिससे हैकिंग की संभावना बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। उन्होंने स्ट्रांग पासवर्ड किस प्रकार बनाया जाता है वह भी करके दिखलाया।

साइबर एक्सपर्ट समीर बलैया ने साइबर अपराधों में फंसने के कारणों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारा डर लालच और व्यभिचार साइबर क्राइम और ठगी का सबसे बड़ा कारण होता है। यदि कोई व्यक्ति इसमें फंसता है तो उसे घबराना नहीं चाहिए बल्कि अपने बड़ों से इस पर बातचीत करनी चाहिए और टोल फ्री नंबर 1930 पर फोन करना चाहिए या नेशनल साइबर क्राईम रिर्पोटिंग पोर्टल पर सूचना दर्ज करानी चाहिए। उन्होंने सिम लॉक के बारे में बताते हुए कहा कि इससे अन्य द्वारा आपके फोन से अपराध किए जाने की संभावना शून्य हो जाती है । उन्होंने हाल के वर्षों में साइबर धोखाधड़ी के विभिन्न प्रकरणों जैसे जीजाजी स्कैम, शेयर बाजार प्राफिट मेसेज, म्युल एकाउंट, गलती से पैसे आपके एकाउंट में आ जाने के फर्जी मेसेज पर चर्चा की। उन्होंने इन से बचने के लिए मौलिक वेबसाइट से ही सामान खरीदने, मोबाइल और सोशल एकाउंट पर दो स्तरीय सुरक्षा मानकों का पालन करने, अपने सोशल अकाउंट का एक्सेस केवल मित्रों तक सीमित करने की सलाह दी। कार्यक्रम के संयोजक डॉ अमर कुमार जैन ने संचालन करते हुए कहा इस साइबर अपराधी आपके मस्तिष्क पर मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालकर आपको आर्थिक नुकसान पहुंचाते हैं ।



## महाविद्यालय में माटी गणेश सिद्ध गणेश अभियान के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन

**गढ़ाकोटा**। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में माटी गणेश -सिद्ध गणेश अभियान के अंतर्गत मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं राष्ट्रीय सेवा योजना जना की छात्र -छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। माटी गणेश-सिद्ध गणेश अभियान की शुरुआत प्राचार्य डॉ.ए. के. सिन्हा के मार्गदर्शन में की गई । मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के निर्देशन में माटी गणेश अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनुभव पल के रूप में तेजी से आगे बढ़ रहा है इस अभियान का मुख्य उद्देश्य गणेश उत्सव के अवसर पर प्रदेश के प्रत्येक परिवार को मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं की स्थापना हेतु प्रेत प्रेरित करना है ताकि प्रगति का संतुलन बनाए रखते हुए श्रद्धा और आस्था का परम मनाया जा सके। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद गढ़ाकोटा सेक्टर प्रभारी सुनील कुमार पांडे एवं संजरा समिति अध्यक्ष मोनू साहू के साथ महाविद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मिट्टी से गणेश मूर्ति के विभिन्न रूपों का निर्माण किया गया । सभी ने पूर्ण उत्साह के साथ भागीदारी की। कार्यक्रम का संचालन सुश्री आकृति खरे कार्यक्रम अधिकारी छात्रा इकाई एवं आभार विनोद बागड़े कार्यक्रम अधिकारी छात्र इकाई ने माना।

नवोदय छात्रा की मौत पर जनाक्रोश रैली, प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# एसआईटी से संतुष्ट नहीं सीबीआई से कराएं जांच: जिलाध्यक्ष वेनी प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़



नवोदय विद्यालय की छात्रा आस्था अहिरवार की संदिग्ध मौत ने जिले में जनाक्रोश की लहर पैदा कर दी है। मंगलवार को सभी सामजिक संगठनों के सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए और ह्यजन आक्रोश रैलीह्ल के रूप में अपनी नाराजगी जताई। रैली की शुरुआत सिविल लाइन रोड स्थित मैरिज गार्डन से हुई, जहाँ सुबह 11 बजे से ही लोग जुटने लगे। कार्यक्रम की शुरुआत आस्था अहिरवार और नितिन अहिरवार को श्रद्धांजलि देकर हुई। गौरतलब है कि 14 अगस्त को कुंडेश्वर स्थित नवोदय विद्यालय के हॉस्टल में आस्था का शव फंदे पर लटका मिला था। इससे कुछ दिन पहले गणेशगंज निवासी नितिन अहिरवार का शव भी महेंद्र सागर तालाब में संदिग्ध हालात में मिला था। दोनों मौतों ने जिले में सनसनी फैला दी थी।

## परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

मृतिका आस्था के पिता कृष्ण कुमार अहिरवार ने घटना को हत्या करार दिया है। उनका कहना है कि हॉस्टल की सीढ़ियों की रेलिंग पर बेटी का शव मिला, गले में बंधी रस्सी महज़ एक हाथ लंबी और पतली थी। इतनी पतली रस्सी झटके में टूट सकती थी, आत्महत्या संभव ही नहीं है। यह स्पष्ट हत्या का मामला है।

## फॉरेंसिक रिपोर्ट का इंतजार

जिला अस्पताल की शॉर्ट पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण फांसी बताया गया है। हालांकि परिजनों और समाज के लोगों का कहना है कि जब तक फॉरेंसिक रिपोर्ट नहीं आती और पूरी तरह से निष्पक्ष जांच नहीं होती, तब तक सच्चाई सामने नहीं आएगी। पुलिस ने स्कूल प्रिंसिपल, स्टाफ और विद्यार्थियों से पूछताछ शुरू कर दी है।

## सामाजिक संगठनों की भागीदारी

जनाक्रोश रैली में किसी भी राजनैतिक पार्टी का झंडा उपयोग नहीं किया गया लेकिन सभी सामजिक संगठनों नें भागीदारी की। जिनमे करणी सेना, सर्व समाज फाउंडेशन इण्डिया, अजाक्स संगठन, बुंदेलखंड हेल्थ केयर फाउंडेशन, अखिल भारतीय युवा पाल महासभा, अखिल भारतीय कुशवाहा महासभा, आदिवासी युवा शक्ति संगठन, मध्यप्रदेश मांझी महासभा, अखिल भारतवर्षीय युवा यादव महासभा, मध्यप्रदेश अनुसूचित जाति जनजाति छात्र संघ, जिला अहिरवार युवा विकास समिति, दलित ओबीसी माइनॉरिटीज एबं आदिवासी संगठनों का परिसंघ, पिछड़ा वर्ग संगठन के प्रतिनिधि व कार्यकर्ताओ सहित राजनैतिक पार्टियों के नेतागण एबं आमजनमानस बड़ी संख्या में शामिल हुए। दोपहर 2:30 बजे रैली जुलूस के रूप में कलेक्ट्रेट पहुँची। वहां जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए सीबीआई से निष्पक्ष जांच की मांग की गई। लोगों का कहना था कि एक के बाद एक संदिग्ध मौतो की जाँच कर यदि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

### लगातार हो रही संदिग्ध मौतों की अब सीबीआई से हो जांच: वेनी प्रसाद



इस दौरान अजाक्स संगठन के जिलाध्यक्ष वेनी प्रसाद अहिरवार ने हुंकार भरते हुए कहा कि जिले में लगातार संदिग्ध मौतें हो रही हैं। अभी नया दुःखद मामला नवोदय स्कूल से सामने आया जहाँ पढ़ने बाली बेटी आस्था संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटकी हुई मिली। इसके कुछ दिन पूर्व संदिग्ध हालत में नितिन अहिरवार का शव भी महेंद्र सागर तालाब मिला। जो कि बहुत चिंताजनक बात है। इसलिए अब हम एसआईटी जांच से संतुष्ट नहीं है। हम सभी लोगो की मांग है कि अब इन लगातार मौतो की जाँच सीबीआई से कराई जाये।

## पूर्व से पुलिस द्वारा की जा रही जांच है जारी

एसपी मनोहर सिंह मंडलोई ने बताया कि नवोदय का दुःखद मामला सामने आने के तुरंत बाद ही एसआईटी गठित कर जांच प्रारंभ कर दी गई थी। जिसमें बहुत ही गहनता से मामले को देखकर जांच की जा रही है। जिसमें सिर्फ फॉरेंसिक रिपोर्ट आने का इंतजार है। उक्त एसआईटी जांच पूरी होने के बाद ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। जिसमें दोषी पाए जाने बाले ब्यक्ति पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

शर्मनाक हरकत करने वाला गिरफ्तार

# आस्था पर हमला करने वाले के विरुद्ध एसपी नें लिया त्वरित संज्ञान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़





शहर में सामजिक सौहार्द बिगाड़ने के षड्यंत्र के तहत एक ऐसी शर्मनाक घटना को अंजाम दिया गया जिसने हर किसी गुस्से से भर दिया। लेकिन मामले की संवेदशीलता को तुरंत परखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा तुरंत संज्ञान लेने पर कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र छारी नें तत्परता बरतते हुए उक्त ब्यक्ति को गिरफ्तार कर कार्यवाही को अंजाम दिया। मुखर्जी चौराहा स्थित प्राचीन गौण बब्बा मंदिर, जहाँ रोजाना सैकड़ों लोग आस्था से पूजा-अर्चना करने पहुंचते हैं, वहाँ एक युवक ने नशे में चूर होकर ऐसी घृणित हरकत कर दी जिससे पूरे इलाके का माहौल बिगड़ गया। जानकारी के अनुसार अवस्थी चौराहे पर स्थित स्टेट बैंक के पीछे बड़ापुरा मोहल्ले में रहने बाले वसीम मिस्त्री का छोटा भाई बट्टू शराब के नशे में धुत होकर मंदिर परिसर में नग्न अवस्था में बैठा था। इस दौरान उसने न केवल मूर्ति पर मूत्र विसर्जन किया, बल्कि अश्लील हरकतें भी कीं। मंदिर में मौजूद श्रद्धालुओं और मोहल्ले के लोगों ने जब यह दृश्य देखा तो उनकी आंखें गुस्से से लाल हो गईं।

## वीडियो में कैद हुआ पूरा घटनाक्रम

स्थानीय युवकों ने उसकी इस घिनौनी हरकत का वीडियो भी बना लिया, जिसमें आरोपी नग्न अवस्था में मंदिर में बैठा दिखाई दे रहा है। वीडियो के सामने आने के बाद शहरभर में आक्रोश फैल गया है। लोगों का कहना है कि यह सिर्फ शराबी की हरकत नहीं, बल्कि सनातन आस्था का खुला अपमान है, जिसे किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## तनाव की आशंका, प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग

घटना की जानकारी फैलते ही पूरे क्षेत्र में तनाव का माहौल बन गया। मोहल्ले के लोगों ने आरोपी को खदेड़कर बाहर किया, लेकिन गुस्सा थमा नहीं है। लोगों ने प्रशासन से सख्त कार्रवाई की मांग की है। जिसके बाद एसपी मंडलोई नें तत्काल संज्ञान लेकर पुलिस को कार्यवाही के लिये निर्देशित किया। जिसके बाद कोतवाली प्रभारी उपेंद्र छारी ने तुरंत आरोपी को ढूंढ़कर उसे पकड़ा और आगे की कार्यवाही की।

## अमित सनातनी नें बताया आस्था पर प्रहार

शहर के युवा अमित गोस्वामी सनातनी ने कहा कि यह हरकत सिर्फ एक शराबी की गंदी हरकत नहीं है, बल्कि करोड़ों हिंदुओं की आस्था पर सीधा प्रहार है। अगर आरोपी पर कठोरतम कार्रवाई नहीं हुई, तो हालात बिगड़ सकते हैं और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इसलिए उक्त मामले की तह तक जाकर आरोपी की मंशा का पता लगाया जाए और फिर कठोर कार्यवाही की जाए।

## शहर की शांति बिगाड़ने की साज़िश?

लोगों का कहना है कि मंदिर परिसर में ऐसी अश्लील हरकतें जानबूझकर की जाती हैं ताकि माहौल बिगड़े और आपसी सौहार्द पर आंच आए। यदि समय रहते प्रशासन द्वारा उक्त मामले की तह तक जाकर कड़ी कार्यवाही नहीं की गई तो ऐसे मामलो को दोबारा अंजाम दिया जा सकता है जिससे शहर में विवाद भड़कने की पूरी आशंका है। लोगो नें मांग करते हुए कहा कि धार्मिक भावनाओं से खिलवाड़ करने पर कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाये और मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जाए। साथ ही भविष्य में ऐसे कृत्यों पर रोक लगाने के लिए स्थायी कदम उठाए जाएं।

ग्राम पंचायत हटा में किया विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

# कोई भी गांव मोहल्ला विकास से नहीं रहेगा अछूता: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़



विकास की नई इबारत लिखते हुए खरगापुर विधायक चंद्रा सुरेन्द्र सिंह गौर ने ग्राम पंचायत हटा में कई निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता की मांगों और आकांक्षाओं को पूरा करना उनकी प्राथमिकता है। विकास की यह गंगा अब हर घर और गली तक बहेगी।

कार्यक्रम का आयोजन उत्सव जैसा रहा। समारोह की अध्यक्षता जनपद पंचायत अध्यक्ष उज्वला रविन्द्र सिंह बुंदेला ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष दिग्विजयसिंह गौर अम्मूराजा, जनपद पंचायत बल्देवगढ़ के सीईओ अंक्षय श्रीवास्तव, एसडीओ रोहित सगरिया, पूर्व जनपद अध्यक्ष घनेद सिंह लमेरा, जनप्रतिनिधि सुरेन्द्र यादव, विधायक प्रतिनिधि पुष्पेन्द्र सिंह सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। विधायक चंद्रा सिंह गौर ने कहा कि क्षेत्र में कोई भी गांव और मोहल्ला विकास से अछूता नहीं रहेगा। सरकार की योजनाओं को पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ जनता तक पहुंचाना ही उनका संकल्प है।

विधायक चंद्रा गौर ने ग्राम पंचायत हटा को कई सौगातें दीं। इसमें रैकवार समाज के लिए सामुदायिक भवन, हरिजन बस्ती से अस्पताल तक सीसी रोड, श्री शंकर मंदिर प्रांगण और श्री वेदेही मंदिर में पेवर्स बिछाने का कार्य, कछया नाले पर स्नान घाट का निर्माण प्रमुख हैं। इन कार्यों से ग्रामीणों को बेहतर सुविधा और धार्मिक सामाजिक जीवन को नई ऊर्जा मिलेगी। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच शैल्जा सुनील जैन ने विधायक को मांगपत्र सौंपा। इसमें नल-जल योजना के अधूरे कार्य को शीघ्र पूरा करने, हटा से डारगुवां मार्ग निर्माण, चेनु कुशवाह के घर से पशु अस्पताल एवं पंचायत भवन तक सड़क, हायर सेकेंडरी स्कूल में बाउंड्रीवाल निर्माण, हाट बाजार और गौशाला निर्माण जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने की मांग रखी गई। विधायक ने आश्वस्त किया कि सभी मांगों पर गंभीरता से कार्यवाही होगी और क्षेत्र का संतुलित विकास सुनिश्चित किया जाएगा।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे। केहर सिंह देवरदा, मुन्ना मिश्रा कुड़याला, हेमंत तिवारी, किशोर सिंह, अशोक राजा ऐरौरा, कौशल उपाध्याय, प्यारे राजा, घनीराम यादव, देवी यादव, हरिसिंह, बागेराजा, पुष्पेन्द्र यादव, अंकित रैकवार, बब्लू राय, कमलापत लोधी समेत कई गणमान्य लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत बहादुर सिंह बुंदेला, गजेन्द्र सिंह, बुद्धप्रकाश यादव, रामकिशोर द्विवेदी, अंबिका सेन, कपिल असाटी, दिनेश असाटी सहित अन्य गणमान्यों ने किया। कार्यक्रम का संचालन अजीत जैन बंधु शास्त्री ने प्रभावी ढंग से किया और आभार सचिव ऊषा वाल्मीकि ने व्यक्त किया।

# एसके उपाध्याय ही प्राचार्य के रूप में कार्य करते रहेंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ विदिशा

जैन कॉलेज में प्राचार्य पद की नियुक्त के मामले में उच्च न्यायालय ग्वालियर ने 5 अगस्त के आदेश पर पूरी तरह रोक लगा दी है।

कॉलेज अध्यक्ष सेठ संजय जैन के अनुसार उच्च न्यायालय ने आदेश दिया कि डॉ. एसके उपाध्याय प्रभारी प्राचार्य के रूप में कार्य करते रहेंगे। बहस के दौरान यह भी चर्चा हुई कि अनुदान प्राप्त कॉलेजों में प्राचार्य पद की नियुक्ति में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रशासनिक आदेश द्वारा दखल नहीं दिया जा सकता। अनुदान प्राप्त संस्था में शासन का दखल बहुत सीमित होता है। डॉ. अर्चना जैन प्रकरण में उच्च शिक्षा विभाग ने भी माना कि प्राचार्य के लिए वरिष्ठता के साथ योग्यता भी अहम है।

# जवाबदेह व संवेदनशील पुलिसिंग का एसपी का संकल्प

**टीकमगढ़।** जनता की समस्याओं को शीघ्रता से सुलझाने, पुलिस और जनता के बीच भरोसे की खाई पाटने तथा पुलिस व्यवस्था को अधिक संवेदनशील और जवाबदेह बनाने की दिशा में पहल करते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई की अगुवाई में जिलेभर में जनसुनवाई शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों का उद्देश्य है कि हर नागरिक अपनी समस्या सीधे पुलिस अधिकारियों के सामने रख सके और उसका समाधान त्वरित व पारदर्शी तरीके से हो। इसी उद्देश्य से प्रत्येक मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा जनता की सुनवाई की जा रही है। मंगलवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित शिविर में पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह ने स्वयं मौजूद रहकर नागरिकों की समस्याएं सुनीं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी शिकायतें और आवेदन सीधे अधिकारियों के सामने रखे। अधिकांश मामलों पर मौके पर ही आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए, जबकि गंभीर शिकायतों पर समयबद्ध कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया। साथ ही सीएम हेल्पलाइन से जुड़ी शिकायतों और व्यक्तिगत आवेदनों पर प्राथमिकता से सुनवाई की गई। हर आवेदन पर तथ्यपरक, निष्पक्ष और समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गये। टीकमगढ़ और जतारा अनुभाग स्तर पर एसडीओपी द्वारा प्रत्यक्ष जनसंपर्क सभी थाना और चौकी प्रभारियों द्वारा जनसुनवाई शिविर आयोजित कर शिकायतें सुनी गईं। जनता के साथ आमने-सामने संवाद और त्वरित निस्तारण पर विशेष बल दिया गया। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने शिविर में कहा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि पुलिस व्यवस्था आमजन की अपेक्षाओं पर खरी उतरे।

### पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई आयोजित कर सुनी समस्याएं

# शांति समिति बैठकों में पुलिस ने दी अफवाहों पर कड़ी नसीहत



**टीकमगढ़।** आगामी धार्मिक पर्व और त्योहार शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हों, इसके लिए पुलिसझ्रप्रशासन ने तैयारी तेज कर दी है। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में जिले के सभी थाना और चौकी स्तर पर लगातार शांति समिति की बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में प्रशासनिक अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न धर्मझ्रसमुदायों के धर्मगुरु एक साथ बैठकर त्योहारों को भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प ले रहे हैं। बैठकों का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे और एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम कर रहे हैं। बैठक स्थलों पर थाना और चौकी प्रभारी मौजूद रहते हैं, जहां नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है।

अधिकारियों ने साफ कहा कि किसी भी कीमत पर जिले में शांति और कानून व्यवस्था बिगड़ने नहीं दी जाएगी। नागरिकों से अपील की गई कि वे अफवाहों से बचें और यदि किसी भी तरह की संदिग्ध सूचना मिले तो तुरंत पुलिस को जानकारी दें। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट को न तो लाइक करें, न कमेंट करें और न ही फॉरवर्ड करें। प्रशासन ने चेतावनी दी कि ऐसे मामलों में लापरवाही बरतने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने भी लोगों से त्योहारों को आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ मनाने की अपील की। विभिन्न समुदायों के धर्मगुरुओं ने कहा कि धर्म का असली संदेश प्रेम और एकता है, इसलिए त्योहारों पर ऐसा कोई काम न किया जाए जिससे समाज में वैमनस्यता फैले। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सुरक्षा इंतजाम पुख्ता किए जा रहे हैं। गश्त बढ़ाई जाएगी, संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जाएगी।

शहर में मिट्टी से बने ईकोफ्रेंडली गणेश, विसर्जन के साथ अंकुरित होंगे पौधे

# सीएमओ भदौरिया की अनोखी पहल, प्रकृति संग परंपरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ टीकमगढ़






स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारियों के बीच नगर पालिका परिषद के रचनात्मकता के धनी सीएमओ ओमपाल सिंह भदौरिया ने एक अनोखी और पर्यावरण हितैषी पहल की शुरुआत की है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ओमपाल भदौरिया के निर्देशन और स्वच्छ सर्वेक्षण के नोडल अधिकारी अजय दीक्षित की उपस्थिति में मंगलवार को शासकीय वीरांगना अवंती बाई लोधी कन्या महाविद्यालय में ईकोफ्रेंडली बीज गणेश गतिविधि आयोजित की गई। जिसमें छात्र छात्राओं ने भगवान गणेश की ऐसी मूर्तियां बनाई जिनसे धार्मिक परम्परा भी निभाई जाएगी और प्रकृति को हरियाली युक्त भी किया जा सकेगा।

## इकोफ्रेंडली गणेश मूर्ति को विसर्जित करने पर अंकुरित होंगे पौधे

इस कार्यक्रम में छात्राओं को मिट्टी से गणेश प्रतिमाएँ बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इन प्रतिमाओं के भीतर किसी फल, फूल या हर्बल पौधे का बीज रखा जाएगा। आयोजन का मकसद यह है कि गणेश विसर्जन के बाद ये प्रतिमाएँ धीरे-धीरे घुलकर पर्यावरण को प्रदूषित करने की बजाय एक नए पौधे को जन्म देंगी। नगर पालिका अधिकारियों ने समझाया कि अबकी बार लोग अपने घरों में ही गमले, बाल्टी या किसी पात्र में गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन करें। जब मूर्तियाँ मिट्टी में घुलेंगी तो अंदर रखा बीज अंकुरित होकर पौधे में बदल जाएगा। इससे न केवल परंपरा का पालन होगा बल्कि प्रकृति को भी नया जीवन मिलेगा।

## रचनात्मक सीएमओ की पहल की सराहना के साथ लिया गया संकल्प

कार्यक्रम में मौजूद छात्राओं और शिक्षकों ने मिट्टी की प्रतिमाएँ बनाकर इस पहल की सराहना की और संकल्प लिया कि इस बार गणेशोत्सव पर प्रदूषण मुक्त प्रतिमाओं का ही उपयोग करेंगे। नगर पालिका सीएमओ भदौरिया का मानना है कि इस पहल से लोगों में जागरूकता आएगी और जल प्रदूषण पर रोक लगेगी। साथ ही परम्परा निभाने के साथ साथ पर्यावरण को हरियालीमय किया जा सकेगा। इस प्रकार अब तीन तरह से फायदा मिलेगा। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी लोगो को इस पहल में भागीदारी निभानी चाहिए।

## मिट्टी से बनी ईको फ्रेंडली प्रतिमाएं प्लास्टिक और केमिकल मुक्त

नपा सीएमओ भदौरिया ने बीज गणेश की खासियत बताते हुए कहा कि प्रतिमाओं के भीतर फल, फूल और औषधीय पौधों के बीज होने से वृक्षारोपण का कार्य स्वतः हो सकेगा। घरों में ही विसर्जन का संदेश देते हुए गमले, बाल्टी या पात्र में मूर्ति विसर्जन किया जा सकेगा। इससे प्रकृति संग परंपरा का निर्वहन करने से मूर्ति घुलते ही बीज से पौधा अंकुरित होगा। इसके अलावा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 की तैयारी भी की जा सकेगी जिसमें नगर पालिका की अभिनव पहल को जनता का समर्थन मिलेगा।

### उल्लास के साथ लगा छिमछिमा मेला, मुंबई, गुजरात, यूपी, राजस्थान तक से आए श्रद्धालु

# मेले में उमड़ा भक्तों का सैलाब, कोई पैदल तो कोई कनक दंडवत करते पहुंचा दरबार में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयपुर।

जिले का सबसे बड़ा धार्मिक मेला छिमछिमा हनुमान मंदिर पर मंगलवार को आयोजित किया गया। मेले में दो लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने पहुंचकर छिमछिमा दरबार में अपनी हाजरी लगाई। इस दौरान कोई श्रद्धालु पैदल तो कोई कनक दंडवत करते हुए छिमछिमा दरबार में पहुंचे और मंदिर पर मत्था टेक कर मन्नत-मुरादे मांगी। छिमछिमा मेले में ग्वालियर चंबल संभाग के जिलों सहित मुंबई, गुजरात, उत्तरप्रदेश और राजस्थान तक से श्रद्धालु आए।

छिमछिमा हनुमान मंदिर पर आयोजित विशाल धार्मिक मेले में सोमवार से ही श्रद्धालुओं का पहुंचना शुरू हो गया। मंगलवार की सुबह 09 बजे तक तो मंदिर परिसर व मेला मैदान लोगों की भीड़ से खचाखच भर गया। 12 बजे के बाद तो यह हालत हो गई कि परिसर में पैर रखने के लिए भी जगह नहीं थी। भलेही कभी तेज धूप निकलने तो कभी बारिश होने का सिलसिला चला, लेकिन इसके बाद भी श्रद्धालुओं की श्रद्धा में कोई कमी देखने को नहीं मिली। बैराड़, शिवपुरी, पोहरी सहित अन्य जगहों से आने वाली पदयात्रों का सिलसिला दोपहर तक चलता रहा है। मेले में आने वाले यात्रियों के लिए जगह-जगह भंडारे आयोजित किए गए। मेले में भजन, संगीत, कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। सुबह महाआरती की गई जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर लाभपुण्य अर्जित किया। जनपद पंचायत विजयपुर द्वारा आयोजित किए गए इस मेले में दूर-दराज से श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। अधिकतर श्रद्धालु पदयात्रा करते हुए आए। कुछ यात्री तो कनक दण्डवत देते भी पहुंचें।



#### झंडा लेकर पहुंचे पूर्व मंत्री,लगाई ढोक

पूर्व वन मंत्री रामनिवास रावत भी छिमछिमा हनुमान मंदिर पर लगने वाले धार्मिक मेले में शामिल हुए। वे झंडा लेकर छिमछिमा हनुमान मंदिर पर पहुंचे,उनके साथ सैकडो लोगों की भीड झंडे के साथ चल रही थी। उन्होंने छिमछिमा हनुमान मंदिर परिसर में पहुंचकर न सिर्फ झंडा चढाया,बल्कि विधिवत पूजा अर्चना करते हुए हनुमान जी को ढोक लगाई।



#### कलेक्टर,एसपी पहुंचे व्यवस्थाए देखने,ढाई सैकडा से अधिक जवान सुरक्षा में तैनात



ढाई सैकडा से अधिक पुलिस जवान मेले में आए श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए तैनात रहे। जिसमें 3 डीएसपी और 6 निरीक्षक स्तर के पुलिस अधिकारी तैनात थे। कलेक्टर अर्पित वर्मा, एसपी वीरेन्द्र जैन, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एएसपी प्रवीण भूरिया सहित अन्य कई प्रशासनिक अधिकारी भी मेले की व्यवस्थाओ को देखने के लिए पहुंचे।

#### वाहनों की लगी लंबी-लंबी कतारे

छिमछिमा मेले में लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ दर्शनों के लिए पहुंची। मेले में पहुंचने वाले लोगों की भीड़ के कारण विजयपुर'-धोवनी रोड पर वाहनों की लंबी लाईन लग गई। वैसे तो मेला स्थल पर वाहनों के लिए अलग अलग पार्किंग व्यवस्था निर्धारित की गई थी,लेकिन वाहनों की भीड अधिक होने की वजह से कई जगह जाम की स्थितियां भी निर्मित होती नजर आई। हालांकि व्यवस्थाएं पहले से अधिक चाक चौबंद थी,इसलिए जाम ज्यादातर देर तक नहीं लगे।

### डीएम, एडीएम, एसडीएम और डिप्टी कलेक्टर्स की अनुपस्थिति के बीच तहसीलदार ने की जनसुनवाई

# आदिवासियों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर मांगी जमीन,वार्डन के खिलाफ छात्रों ने दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कलेक्टर अर्पित वर्मा सहित जिले के अधिकतर अधिकारी कर्मचारी छिमछिमा हनुमान जी का मेला आयोजित होने की वजह से विजयपुर पहुंचे थे जिसके कारण जनसुनवाई तहसीलदार मनीषा मिश्रा को करनी पड़ी। इस दौरान जनसुनवाई में आए 117 लोगों से मिले आवेदनों को तहसीलदार ने संबंधित विभागों की ओर निराकरण के लिए भेज दिया लेकिन बहुत से लोग ऐसे भी आए जो कलेक्टर की अनुपस्थिति में आवेदन दिए बिना ही वापस लौट गए। उधर सामूहिक रूप से आवेदन देने आए लोगों को जब कलेक्टर नहीं मिले तो उन्होंने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी भी की। जिनमें कराहल विकासखंड के मसावनी गांव से आए आदिवासियों ने कलेक्ट्रेट का घेराव कर नारेबाजी की, उधर उत्कृष्ट छात्रावास के छात्रों ने वार्डन पर भेदभाव के आरोप लगाते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सोपा।

विजयपुर में छिमछिमा हनुमान मेला जिले का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन है। लाखों की संख्या में श्रद्धालु मेला में आते हैं और हनुमान जी के दर्शन करते हैं। व्यवस्था में कोई कोर कसर बाकी ना रहे इसलिए कलेक्टर अर्पित वर्मा खुद वहीं डेरा डाले हुए थे बल्कि जिले के सभी विभाग प्रमुखों और आला अधिकारियों की ड्यूटी मेले में लगाई गई थी जिसके चलते मंगलवार को होने वाली जनसुनवाई के लिए तहसीलदार मनीषा मिश्रा को करनी पड़ी। तहसीलदार द्वारा की गई जनसुनवाई में 117 लोगों ने अपनी फरियाद सुनाई जिनमें निराकरण के लिए तहसीलदार ने संबंधित विभागों को आवेदन मार्ग कर भेज दिए। जिला मुख्यालय पर हुई जनसुनवाई में यह पहला अवसर है जब कलेक्ट्रेक में जनसुनवाई तहसीलदार स्तर के अधिकारी को करनी पड़ी हो।



#### फॉरेस्ट की जमीन पर खेती का अधिकार मांगने किया घेराव

कराहल विकासखंड के मसावनी से आए आदिवासी ग्रामीण जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन देने पहुंचे, लेकिन जनसुनवाई में कलेक्टर अर्पित वर्मा के नहीं मिलने पर आदिवासी ग्रामीणों ने नाराज होकर कलेक्ट्रेट का घेराव कर नारेबाजी की। आदिवासियों का कहना है कि वह कई वर्षों से गांव में स्थित है जमीन को जोत कर खेती कर रहे हैं। इस जमीन के अलावा उनके पास आजीविका का और कोई साधन भी नहीं है अब वन विभाग उन्हें खेती नहीं करने दे रहा है जबकि उक्त जमीन पर पूर्व में भी पट्टे दिए गए हैं जिस तरह अन्य लोगों को पट्टे दिए गए हैं उसी तरह बाकी लोगों को भी पट्टे दिए जाएं। जिस जमीन पर खेती हो रही है वह लगभग 600 बीघा भूमि बताई गई है।

#### छात्रावास अधीक्षक को हटाने लामबंद हुए छात्र

ढेंगदा स्थित बालक छात्रावास के अधीक्षक को बदलने की मांग को लेकर छात्र लामबंद हो गए हैं। इस संबंध में उन्होंने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जनसुनवाई में आवेदन दिया हालांकि वह कलेक्टर अर्पित वर्मा से मिलकर जनसुनवाई में आवेदन देना चाहते थे लेकिन कलेक्टर नहीं मिलने पर छात्रों में नाराजगी दिखाई पड़ी। छात्रों का कहना है कि उन्होंने एक सप्ताह पूर्व सहायक आयुक्त आदिम जाति को आवेदन देकर अधीक्षक को हटाने की मांग की थी लेकिन सहायक आयुक्त अधीक्षक को हटा नहीं रहे हैं छात्रों का आरोप है कि अधीक्षक का व्यवहार ठीक नहीं है।

#### मैडम लाख लाख रुपए लेकर भर्ती करेंगे तो हमारा क्या होगा?

सियावडी गांव से जनसुनवाई में आवेदन देने पहुंची अंजली पत्नी राजेश सहरिया ने जनसुनवाई कर रही तहसीलदार को बताया कि उसने सहायिका के लिए गांव की आंगनवाड़ी पर आवेदन किया था और उसके अंक सबसे अधिक है जिससे उसकी नियुक्ति होना लाजमी है लेकिन अंनतिम सूची जारी करते समय खंड स्तरीय समिति ने मेरे नाम के आगे स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र नहीं होना बात कर मुझे अपात्र बता दिया है। जबकि ऑनलाइन आवेदन भरते समय स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र लगाया गया है जो पोर्टल पर देखा जा सकता है। लेकिन विभाग के लोग रुपए लेकर अपात्रों की भर्ती कर रहे हैं अब लाख लाख रुपए लेकर नौकरी लगाएंगे तो हम गरीबों का क्या होगा? तहसीलदार ने आवेदन को जिला महिला बाल विकास अधिकारी की और मार्क करते हुए भेज दिया है।

## ऑपरेशन सिंदूर को समर्पित होगा मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

वक्फ़ इंतजामिया कमेटी द्वारा मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह अक्टूबर माह में मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमैन कैबिनेट मंत्री दर्जा डॉ सनवर पटेल की सहमति से होगा। हर साल आयोजित होने वाला मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह इस बार आपरेशन सिंदूर को समर्पित किया जाएगा। जिसमें आपरेशन सिंदूर को सफल बनाने ओर दुश्मन देश के भीतर घुसकर भारत की विजय पताका फहराने में अहम भूमिका निभाने वाली कर्नल सोफिया कुरेशी के नाम से भी बहादुरी का पुरस्कार दिया जाएगा।

वक्फ इंतजामिया कमेटी जमातखाना के सदर इंसाफ कुरैशी ने बताया कि मुस्लिम प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर वक्फ इंतजामिया कमेटी जमातखाना ने मुस्लिम समाज के जिम्मेदार लोगों के साथ बैठक आयोजित कर विचार विमर्श किया। बैठक में यह तय किया गया कि सम्मान समारोह अक्टूबर माह में आयोजित किया जाए, जिसकी तारीख मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ सनवर पटेल की सहमति मिलने के बाद निर्धारित की जाए। बैठक में यह भी तय किया गया कि बीते सालों की तरह इस साल भी हज कमेटी के चेयरमैन (कैबिनेट मंत्री दर्जा) रफत वारसी के अलावा इस बार महिला मुस्लिम सांसद इकरा हसन को भी अतिथि की हैसियत से कार्यक्रम में शामिल किया जाए।

#### मठेपुरा से किशोरी लापता, एफआईआर दर्ज

श्योपुर। मठेपुरा से एक किशोरी तब अपने घर से लापता हो गई,जब उसके घर वाले कलमी में आयोजित मेले को देखने के लिए गए थे। ग्राम मठेपुरा निवासी दुलीचंद माहौर ने उसकी बेटी के इस तरह लापता हो जाने की शिकायत कोतवाली में दर्ज कराते हुए अंदेशा जताया कि सोशलमीडिया के जरिए फ्रंरेड बनी यूपी के मिर्जापुर निवासी मुस्कान नाम की एक लडकी उसे बहला फुसलाकर ले गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

## एसपी से मिले जमीयत उलमा ए हिंद के पदाधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर



जमीयत उलेमा ए हिंद के एक प्रतिनिधि मंडल ने मंगलवार को एसपी वीरेंद्र जैन से मुलाकात कर आगामी त्योहारों को लेकर चर्चा की ओर उन्हें मांग पत्र एवं नियुक्ति पत्र सोपा।जमीयत उलमा ए हिंद के जिला अध्यक्ष शौकतउल्ला खान ने एसपी वीरेंद्र जैन को बताया कि जमीयत आजादी से पहले का संगठन है जिसका देश को आजाद करने में महत्वपूर्ण योगदान रहा है साथ ही आजादी के बाद अब देश में राष्ट्रवाद की भावना को अंगीकार करते हुए सामाजिक जागरूकता वाली गतिविधियों को अंजाम देने का काम कर रहा है। प्रतिनिधि मंडल ने मुस्लिम समाज से जुड़ी कुछ मांगों के निराकरण हेतु मांग पत्र ओर जमीयत उलमा ए दीन द्वारा जारी किया गया नियुक्ति लेटर भी सोपा। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष नबी एहमद मंसूरी, जनरल सेकेट्री आजाद कुरैशी आदि मौजूद रहे।

## चोरी के खुलासे पर एसपी और टीआई का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शहर की महाराणाप्रताप कॉलोनी में हुई चोरी का खुलासा किए जाने पर क्षत्रिय महासभा पदाधिकारियों तथा कॉलोनी वासियों ने मंगलवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर एसपी वीरेन्द्र जैन तथा उनकी पुलिस टीम का आभार जताते हुए उनका स्वागत किया। इस दौरान एसपी वीरेन्द्र जैन,कोतवाली टीआई सतीश सिंह चौहान तथा टीम में शामिल पुलिसकर्मियों को पुष्पहार पहनाते हुए उनका सम्मान भी किया। साथही यह भी कहा कि पुलिस की इस कार्रवाई से शहरवासियों का पुलिस के प्रति विश्वास बढा है।



#### फरार दुकानदार पर 10 हजार का इनाम घोषित

कोतवाली पुलिस ने चोरी के इस मामले में चोरी का माल खरीदने वाले दुकानदार लक्ष्मण सोनी पुत्र चतुर्भुज सोनी निवासी चूडी मार्केट को भी आरोपी बना दिया है। लेकिन वह फरार हो गया है। एसपी वीरेन्द्र जैन ने फरार दुकानदार लक्ष्मण सोनी पर 10 हजार का इनाम घोषित कर दिया है।


## श्योपुर के डाकघर को प्रधान डाकघर बनाने संचार मंत्री व सीपीएमजी को दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सैकड़ों साल पुराने जर्जर भवन में संचालित श्योपुर के डाकघर की बिल्डिंग का मेंटेनेंस कराने के लिए पूर्व विधायक एवं भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बृजराज सिंह चौहान तथा वरिष्ठ भाजपा नेता कैलाश नारायण गुप्ता ने केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल विनीत माथुर को दिल्ली पहुंचकर ज्ञापन सौंपा है।

सौंपे गए ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि 1998 से पुनः जिला बने श्योपुर मुख्यालय स्थित डाक घर को प्रधान डाक घर में उन्नयन किया जाए तथा आजादी के पूर्व के जर्जर हो चुके भवन का जीर्णोद्धार किया जाए। पर्याप्त स्टॉफ की पदस्थी एवं कनेक्टिविटी में सुधार की मांग के साथ भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कैलाश नारायण गुप्ता ने केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को संबोधित एक ज्ञापन पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष बृजराज सिंह चौहान के माध्यम से दिया। वहीं इस ज्ञापन-पत्र की प्रति विगत दिवस भोपाल में म.प्र. सर्कल के मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल विनीत माथुर को सौंप कर उनसे विस्तार से पोस्ट ऑफिस की समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने जिले के विजयपुर, वीरपुर, बड़ौदा व कराहल स्थित सब-ऑफिस को डाकघर में और 65 ब्रांच ऑफिस में से रघुनाथपुर, ढोढर, गसवानी, मानपुर, दांतरदा, सोईकलां, प्रेमसर, पांडोला, बरगवां एवं राड़ेप आदि को सब ऑफिस में परिवर्तित करने का भी सुझाव दिया। ताकि नये भवन निर्माण एवं अद्यतन सुविधाओं के साथ श्योपुर का प्रधान डाक घर आम जनता को आवश्यक उपयोगी जन सेवायें समुचित सुचारू रूप से प्रदान कर सके। सीपीएमजी माथुर ने सभी सुझाव व समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना और जिला डाक अधीक्षक को भवन जीर्णोद्धार का प्रस्ताव भेजने तथा कनेक्टिविटी सुधारने एवं पदस्थ स्टॉफ की कार्यालय समय में उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।





### गणेश चतुर्थी विशेषः श्योपुर का तांत्रिक गणेश मंदिर कहा जाता है इस मंदिर को

# चमत्कारिक है किले में विराजित दांयी सूंड वाले श्री गणेश,जहां तंत्र विद्या सिद्ध करने आते थे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

शिव की नगरी श्योपुर में यूं तो आधा दर्जन से अधिक गणेश मंदिर स्थित है। लेकिन ऐतिहासिक किले में विराजित भगवान श्री गणेश का मंदिर सबसे अलग है। यह गणेश मंदिर न सिर्फ काफी प्राचीन है,बल्कि तंत्र विद्याओं की साधना के लिए भी प्रसिद्ध है। इसलिए इस मंदिर को श्योपुर का तांत्रिक गणेश मंदिर भी कहा जाता है। यहां तांत्रिक विद्याओं को सिद्ध करने के लिए न सिर्फ जिले के आसपास के लोग,बल्कि पड़ौसी प्रांत राजस्थान के लोग भी यहां आते थे।

इतिहास के जानकार समाजसेवी कैलाश पाराशर बताते है कि जब से श्योपुर किले की देखरेख का जिम्मा प्रशासन के हाथों में पहुंचा है,तब से तांत्रिक विद्याओं को सिद्ध करने के लिए लोगों का यहां मंदिर पर आना रूका है। लेकिन इसके पहले बड़ी संख्या में तंत्र साधना करने वाले लोग यहां मंदिर पर तंत्र विद्याओं को सिद्ध करने के लिए पहुंचते थे। राजस्थान के कई लोग भी यहां मंदिर तंत्र साधना के लिए आते रहे है। समाजसेवी पाराशर बताते है कि तंत्र साधना करने वाले कई लोगों ने यहां तांत्रिक विद्याओं को सिद्ध करने के बाद उसके चमत्कार भी बताए है।

#### 400 साल पुराना है गणेश मंदिर, गौड़ राजाओं ने कराई थी स्थापना

किले में स्थापित भगवान श्री गणेश का यह मंदिर करीब 400 साल पुराना है। इतिहासकार कैलाश पाराशर के मुताबिक इस गणेश मंदिर की स्थापना श्योपुर किले में शासक के रूप में रहे गौड़ राजाओं के द्वारा तंत्र विद्याओं की साधना करने के लिए कराई थी। मंदिर में विराजित भगवान गणेश दांयी ओर घूमी सूंड वाले है। दायीं सूंड वाले गणेशजी सिद्धिविनायक कहलाते हैं। ऐसी मान्यता है कि इनके दर्शन से हर कार्य सिद्ध हो जाता है। किसी भी विशेष कार्य के लिए कहीं जाते समय यदि इनके दर्शन करें तो वह कार्य सफल होता है व शुभ फल प्राप्त होता है। ऐसे गणेशजी का पूजन विघ्न-विनाश, शत्रु पराजय, विजय प्राप्ति, उग्र तथा शक्ति प्रदर्शन जैसे कार्यों के लिए फलदायी माना जाता है।

#### चमत्कारिक है मंदिर,माली को रोज मिलते थे पैसे

किले में स्थापित तांत्रिक गणेश मंदिर चमत्कारिक भी है। बताते है कि मलपुरा निवासी तेजराम माली किले में रहकर माली का काम करता था। वह अपने काम के अलावा इस मंदिर की साफ सफाई भी प्रतिदिन पूरी श्रद्धा से करता था। सफाई के दौरान उसे गणेश प्रतिमा के आसपास हर रोज पैसे पडे मिलते थे। जिनको उठाकर वह घर ले आता।ऐसा क्रम कई दिनों तक चलता रहा। मगर एक दिन उसने पैसे मिलने की बात अपनी पत्नी को पूछने पर बता दी। इसके बाद से उसे पैसा मिलना बंद हो गए।

#### गौतम परिवार कर रहा सेवा पूजा

वर्तमान में इस मंदिर पर सेवा पूजा का काम श्योपुर निवासी नितिन गौतम करते है। पुजारी नितिन गौतम बताते है कि उनके परिवार की 27 पीढ़ियां इस मंदिर की सेवा पूजा का काम करती आई है तथा अब वे खुद 28 वीं पीढी के रूप में इस मंदिर की सेवा पूजा कर रहे है।

#### गणेश चतुर्थी आज,घर घर विराजित गणपति

भगवान श्री गणेश का जन्मोत्सव 27 अगस्त को मनाया जाएगा। गणेश चतुर्थी को घर-घर भगवान गणपति विराजेगे। इसके साथही शहर सहित जिलेभर गणेश उत्सव की धूम शुरू हो जाएगी। कई जगह भगवान गणपति के दरबार भी सजाए जाएंगे। शहर के चौपड गणेश मंदिर पर अखंड कीर्तन भी शुरू हो जाएगा। खास बात यह है कि इस बार गणेश चतुर्थी पर कई विशेष संयोग बन रहे है। एक विशेष संयोग तो यह है कि इस बार गणेश चतुर्थी बुधवार के दिन आ रही है और कहा जाता है कि बुधवार के दिन ही भगवान गणेश का जन्म हुआ था। इसके साथही इस शुभ तिथि पर धन योग, राशि परिवर्तन योग, लक्ष्मी नारायण राजयोग, सम योग, आदित्य योग, उभयचरी योग और गजकेसरी राजयोग बनने जैसे संयोग भी बन रहे है। इसलिए इस बार गणेश चतुर्थी का पर्व विशेषफलदायी रहेगा।

### चंबल नहर रोड पर नई बस्ती ताल बागचा के पास हुआ हादसा

# दो बाइकों की हुई आमने सामने से भिड़ंत, दो की मौके पर मौत,दो घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

चंबल नहर रोड पर सडक हादसे घटित होने का सिलसिला नहीं थम रहा है। मंगलवार की दोपहर साढे 12 बजे के आसपास इस रोड पर नई बस्ती ताल बागचा के पास दो बाइकों की आमने सामने से भिडंत हो गई। भिडंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो लोग घायल हो गए,जिन्हें इलाज के लिए एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल श्योपुर में दाखिल कराया गया। मानपुर थाना पुलिस ने दोनो के मृतको के शवों को पीएम के बाद उनके परिजन के सुपुर्द कर दिया और एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम खिरनी निवासी अभिषेक मीणा 25 वर्ष पुत्र रामस्वरूप मीणा मंगलवार को अपने 60 वर्षीय ताऊ घनश्याम मीणा के साथ बाइक पर सवार होकर दवाई लेने के लिए चंबल नहर रोड होते हुए हीरापुर जा रहा था,जबकि दूसरी तरफ से रामबल आदिवासी 33 वर्ष पुत्र मुरारी आदिवासी तथा सोनू आदिवासी 30 वर्ष पुत्र बिहारी आदिवासी निवासी बनखरा थाना ढोढर बाइक पर सवार होकर आ रहे थे। नई बस्ती ताल बागचा के पास तेज रफ्तार में आ रही इन दोनों बाइकों की आमने सामने से जोरदार भिडंत हो गई। इस दौरान अभिषेक मीणा निवासी खिरनी और रामवल आदिवासी निवासी बनखरा की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि घनश्याम मीणा और सोनू आदिवासी घायल हो गए। जिन्हें एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया।



#### काश! होता हेलमेट तो बच सकती थी जान

इस सडक हादसे का शिकार हुए बाइक सवार दोनो युवक बिना हेलमेट बाइक चला रहे थे, प्रत्यक्षदर्शी लोगों का कहना था कि दोनो की मौत सिर में चोट लगने के कारण ही हुई है। ऐसे में ये लोग हेलमेट पहने होते तो शायद इनकी जान बच सकती थी।

### जिले में हाईस्कूलों के 320 शिक्षकों ने लिया अंग्रेजी व विज्ञान का प्रशिक्षण

# शिक्षकों को सिखाई जटिल प्रश्नों को सरल बनाने की तकनीक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

समग्र शिक्षा अभियान के तहत जिले के 220 हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों के शिक्षकों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दूसरे दिन विज्ञान व अंग्रेजी विषय का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। शहर के जिला उत्कृष्ट विद्यालय एवं उमावि क्रमांक 2 में आयोजित हुए प्रशिक्षण में दूसरे दिन मास्टर ट्रेनरों द्वारा हाई स्कूल में पढ़ने वाले शिक्षकों को विषय शिक्षण की बारीकियां सिखाई गई। तीन दिन तक चलने वाले प्रशिक्षण के दूसरे दिन अंग्रेजी व गणित विषय के शिक्षकों को मास्टर ट्रेनरों जटिल अवधारणाओं को सरल व रोचक तरीके से पढ़ाने के टिप्स सिखाए।

जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव के निर्देशन में प्रशिक्षण का आयोजन रमसा के डायरेक्टर राजाबाबू आर्य द्वारा किया जा रहा है। इस मौके पर जिला शिक्षा अधिकारी विवेक श्रीवास्तव, रमसा के एडीपीसी राजा बाबू आर्य, नोडल अधिकारी भूपेंद्र शर्मा व संजय जैन सहित मास्टर ट्रेनर तथा रमसा के फराज पठान व जावेद कुरेशी सहित हाई स्कूलों में पढ़ने वाले 310 शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।



**प्रशिक्षण के आखिरी दिन आज होगा संस्कृत व सामाजिक**

रमसा के एडीपीसी राजा बाबू आर्य के मुताबिक समग्र शिक्षा अभियान के तहत लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देश पर हाई स्कूल के सभी विषयों का प्रशिक्षण दिसंबर माह तक हर महीने तीन दिन तक आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण का मकसद विषय शिक्षकों को ऐसी सरल शिक्षक तकनीक प्रदान करना है जिससे जिले में हाई स्कूल के परीक्षा परिणाम बेहतर बन सके। प्रशिक्षण के दूसरे दिन सोमवार को अंग्रेजी व विज्ञान विषय का प्रशिक्षण आयोजित किया गया वहीं मंगलवार को संस्कृत व सामाजिक अध्ययन विषय का प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा जिसमें जिले के हाई स्कूल व हायर सेकेंडरी स्कूलों में पढ़ने वाले विषय शिक्षक हिस्सा लेंगे।

**प्रशिक्षण में सिखाए बच्चों को परीक्षा में अच्छे अंक लाने के गुर** रमसा के एडीपीसी राजाबाबू आर्य ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देश पर दूसरे दिन सोमवार को जिले के हाई स्कूलों में अंग्रेजी व विज्ञान पढ़ाने शिक्षकों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। विज्ञान के प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर राकेश आचार्यएजीपी शर्मा व रितु शर्मा ने विज्ञान की नई तकनीक की जानकारी शिक्षकों को दी गई वहीं अंग्रेजी विषय में मास्टर ट्रेनर मोहित भार्गवएपंकज मिश्राए सफिया खान व कल्पना शर्मा ने शिक्षकों को अंग्रेजी विषय को सरलवा रोचक गुरु सिखाए। शिक्षकों को नोट मेकिंग, राइटिंग स्किल्सएसेंटेंस रिले तथा कमजोर छात्रों के लिए प्रश्नों को सरल तकनीक का ज्ञान दिया गया।

## कैलाश यात्रा में शिवपुरी के यात्री फंसे, सिंधिया से मदद की गुहार, अभी नहीं पहुंची कोई राहत



**शिवपुरी।** शहर से कुछ दिन पहले टूर पर निकले एक दर्जन से अधिक यात्री मणिमहेश में अधिक बारिश व बादल फटने से फंस गए हैं। बताना होगा कि कैलाश यात्रा पर गए शिवपुरी के 14 श्रद्धालु भारी बारिश और बादल फटने के कारण चंबा जिले के बड़सर के पास फंस हुए हैं। उन्होंने बताया है कि रास्ता टूटने और जगह.जगह पहाड़ से पत्थर गिरने के कारण वे रविवार दोपहर से ही आगे नहीं बढ़ पाए हैं। यात्रियों ने वीडियो जारी कर शिवपुरी-गुना सांसद एवं केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मदद की गुहार लगाई है। यात्रियों में शिवपुरी के पाराशर स्पोर्ट्स के संचालक पंकज पाराशर अपने परिवार सहित शामिल हैं।

उनके साथ पत्नी मंजू पाराशर, बच्चे जलज, मंत्र, अर्थ, ऋषवर्धन और अन्य यात्री ओमप्रकाश, नीतू, कनक, लाडो, यश, कोमल, ममता और कृतिका मौजूद हैं। सभी लोग शनिवार 24 अगस्त दोपहर 3 बजे से बड़सर में फंसे हुए हैं। यात्रियों ने बताया कि उनके रेल टिकट भी खराब हो गए हैं। लेकिन फिलहाल सभी लोग सुरक्षित हैं। खराब मौसम और लगातार हो रही बारिश के कारण चारों ओर मलबा गिरा हुआ है और सड़क मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध है। फंसे यात्रियों ने कहा कि वे जल्द से जल्द सुरक्षित घर लौटना चाहते हैं और इसके लिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से मदद की गुहार लगाते हुए जल्द उन्हें सुरक्षित निकवाने की मांग उन्होंने की है। गौरतलब यह है कि खबर लिखे जाने तक मणिमहेश पुर में फंसे यात्रियों के लिए कोई मदद या राहत कार्य नहीं पहुंचा है। शिवपुरी निवासी पंकज पाराशर ने बताया कि शिवपुरी से 19 अगस्त को मणिमहेश कैलाश यात्रा पर निकले श्रद्धालुओं को दर्शन करने में तीन दिन का समय लगा। सभी श्रद्धालु रविवार दोपहर करीब 1 बजे भरमौर तहसील से पठानकोट के लिए रवाना हुए थे। फिलहाल वे चंबा जिले के पास हैं और पठानकोट लगभग 100 किलोमीटर दूर रह गया है। बस धीमे धीमे चल रही है और कभी भी रुकावट आने पर रुक जाती है इससे यात्रियों की चिंता और बढ़ गई हैं।

### बिजली सुधार रहे इलेक्ट्रीशियन की करंट लगने से हुई मौत

**बीना।** छोटी बजरिया में बिजली का सुधार कार्य कर रहे एक इलेक्ट्रीशियन की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही करने के बाद मर्ग कायम कर शव का सिविल अस्पताल में पीएम कराया और शव परिजनों को सुपुर्द किया गया है। जानकारी अनुसार विपिन पिता विनोद विक्टर (40 वर्ष) निवासी मिशन कंपाउंड, बीना पब्लिक स्कूल प्रांगण में लगे बिजली के खंभे पर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक तेज करंट की चपेट में आकर वह खंभे से चिपक गए। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद उन्हें नीचे उतारा और तत्काल अस्पताल पहुंचाया। लेकिन वहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही बीना पुलिस मौके पर पहुंची।

## नपाध्यक्ष गायत्री शर्मा के खिलाफ नहीं हो सका अविश्वास प्रस्ताव पास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

नगर पालिका शिवपुरी में चल रहे गृह युद्ध अब निर्णायक मोड की ओर जा रहा हैएअविश्वास प्रस्ताव की अभिलाषा रखने वाले पार्षदों को आज जिला निर्वाचन अधिकारी शिवपुरी कलेक्टर रविंद्र चौधरी ने सोमवार को पार्षदों को हस्ताक्षर के वेरिफिकेशन के लिए बुलाया था। इस वेरिफिकेशन के लिए आज 19 पार्षद कलेक्टर के समझ पहुंचे। जब पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव के लिए आवेदन किया था उस समय पार्षदों की संख्या 22 थी, लेकिन आज 19 पार्षद पहुंचे थे। लेकिन अंत समय में खबर मिल रही है कि एक पार्षद के हस्ताक्षर वेरिफिकेशन नही हो सका था। जैसा विदित है कि लगभग 2 माह पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष गायत्री शर्मा की सरकार का तख्तापलट करने के लिए शिवपुरी के नगर पालिका के लगभग 20 पार्षदों ने करैरा के बगीचा सरकार पर शपथ ली थी। पार्षदोंका एक स्वर मे कहना था कि नगर पालिका अध्यक्ष के कार्यकाल मे शहर मे कोई काम नही हा रहा है लगातार भ्रष्टाचार किया जा रहा है इस कारण हम उनके साथ काम नही कर सकते है। बगीचा सरकार की शपथ के बाद शिवपुरी में राजनीतिक घटनाक्रम तेज हो गया और रूठे हुए पार्षदों को मनाने के लिए केन्द्रीय मंत्री और क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ वन टू वन चर्चा की गईएवही प्रभारी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर शिवपुरी विधायक देवेन्द्र जैन भारतीय जनता पार्टी शिवपुरी के जिला अध्यक्ष जसवंत जाटव ने रूठो पार्षदों को मनाने का प्रयास किया लेकिन पार्षद नही माने।

चंदौरिया की सड़कें व पुलिया-रपटे भ्रष्टाचार से बदहाल हुईं

## राशि आहरण कर लेने के बावजूद भी मूलभूत सुविधाओं से मोहताज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलारस

जनपद पंचायत कोलारस के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चंदौरिया में लाखों रूपया खर्च करने के वाबजूद पुलियां, नहीं बन पाईं। सरपंच, सचिव व सहायक सचिव की भ्रष्ट कार्यप्रणाली का अंदाजा यहीं से लगाया जा सकता है कि शासकीय फंड खर्च करने के वाबजूद शासकीय योजनाओं के कियान्वयन में लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ किसी प्रकार की कार्रवाई कोलारस जनपद विभाग में नहीं हो पा रही है और न ही अधूरे पडे विकास कार्यो को पूरा कराया जा रहा है। हालांकि ग्राम पंचायतों में योजनाओं का जमीनी क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों की मानीटरिंग के लिए राज्य सरकार के पैनल के अलावा जिला स्तरीय एवं ब्लॉक स्तरीय पैनल स्थापित भी किए गए हैं। लेकिन यह सब कोलारस जनपद पंचायत की ग्राम पंचायतों में हवा.हवाई साबित हो रहा है। उल्लेखनीय है कि कल्वर्ड पुलिया निर्माण, सीसी सडक निर्माण और रपटा निर्माण आदि विकास कार्यों के लिए मध्यप्रदेश शासन दोनों हाथों से भरपूर पैसा ग्राम पंचायतों को प्रदान कर रही है। ताकि ग्रामीण अंचलों के रास्ते आवागमन के लिए सुगम हो सकें और ग्रामीण क्षेत्रों का विकास शहरी तर्ज पर किया जा सके। एक ही मार्ग पर सीसी सडक सहित पुलिया और रपटों का निर्माण इस कारण किया जाता है ताकि पूरा मार्ग दुरूस्त हो सके और ग्रामीण अंचल विकास की धारा से जुड सके। जनपद पंचायत कोलारस से महज 2 किमी की दूरी पर प्रधानमंत्री सडक किनारे की ग्राम पंचायत चंदौरिया में विकास ढूढें-ढूढें नहीं मिल रहा है। प्रधानमंत्री सडक का विस्तार होने से सडक किनारे जो विकास होना चाहिए था वह तो हो गया। लेकिन ग्राम पंचायत के अंदर से प्रधानमंत्री सडक को जोड़ने वाली आम सड़कें अभी भी बदहाली की कगार पर हैं। कोलारस फोरलेन हाइवे से चंदौरिया तक प्रधानमंत्री सडक के दोनों ओर लगातार विकास कार्य और व्यापार फलीफूत हो रहा है। लेकिन आंतरिक रूप से ग्राम पंचायत चंदौरिया की सडकें व पुलिया-रपटे भ्रष्टाचार के कारण बदहाली की कगार पर हैं। जिससे ग्राम पंचायत के अंदर विकास की जोत नहीं जल पा रही है। झीनल नाले पर पहलवान के खेत के पास कल्वर्ड पुलिया का निर्माण इसी वर्ष किया गया था।



## अंडरपास से परेशान लोगों ने रेलवे गेट पर दिया धरना



**बीना।** ओवरब्रिज निर्माण में हो रही विलंब और अंडरपास की बदहाल स्थिति से परेशान आमजन ने मंगलवार को खिमलासा गेट पर साढ़े तीन घंटे तक धरना दिया। धरना सुबह 11 बजे से दोपहर ढाई बजे तक चला। धरना स्थल पर स्थिति बिगड़ने की आशंका को देखते हुए बड़ी संख्या में आरपीएफ और जीआरपी बल तैनात रहा। गौरतलब है कि बारिश के चलते अंडरपास में बड़े बड़े गड्ढों से जाम जैसे हालात बन रहे है, जिससे जनता त्रस्त है। धरने में पार्षद बीडी रजक के साथ ही अशोक परिहार, प्रमोद राय, रवि रैकवार, जय रजक, राहुल यादव, कृष्ण कुमार कुशवाहा, आरिफ खान, बाबू मासी, सूर्य कुमार, उमेश शर्मा, परिहार जी, लखन अहिरवार, महेंद्र राजपूत, आयुष विश्वकर्मा, विवेक प्रजापति, विकास गुप्ता, बिट्टू तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### चन्द्रभान अध्यक्ष तो दिलीप वर्मा सचिव व राजेश सैन बने कोषाध्यक्ष

## राज्य कर्मचारी संघ कार्यकारिणी गठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैराड़।



कर्मचारी हितों के लिए संघर्षशीलएशासन से मान्यता प्राप्त राज्य कर्मचारी संघ द्वारा तहसील एवं ब्लॉक कार्यकारिणियों का गठन किया जा रहा है।इसी क्रम में बैराड़ के लॉर्ड लखेश्वर स्कूल में तहसील कार्यकारिणी का गठन राज्य कर्मचारी संघ के जिला संयोजक राजेन्द्र पिपलौदा, राजपत्रित अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष कौशल गौतम, कार्यवाहक सचिव राजकुमार सरैया, कार्यकारिणी सदस्य राजीव पुरोहित व संकुल केन्द्र के प्राचार्य दिनेश यादव की मौजूदगी में किया गया। इस दौरान चंद्रभान सिंह यादव को अध्यक्ष, दिलीप धाकड़ सचिव, कोषाध्यक्ष राजेश सैन व उपाध्यक्ष हरीसिंह तोमर को निर्विरोध रूप से चुना गया।

**यह होगी तहसील की नई कार्यकारिणी**

बैठक का शुभारंभ माँ भारती एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा की पूजा अर्चना कर किया गया। पोहरी ब्लॉक अध्यक्ष अमरसिंह कुशवाह एवं तहसील अध्यक्ष संजय त्रिवेदी द्वारा बैराड़ तहसील कार्यकारिणी गठन की प्रक्रिया शुरू की गई। जितेंद्र दिवाकर द्वारा सभी से प्रस्तावक व समर्थकों के साथ आवेदन लिए गए। जिसमें निर्विरोध रूप से तहसील कार्यकारिणी गठित की गई। तहसील कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष रामनरेश कौशल, सुगर सिंह यादव, जसराम वर्मा, महेश रावत, सह सचिव हुकुम सिंह खंगार, मनीराम वघेल, संगठन मंत्री सुरेश जाटव, सह संगठन मंत्री रामहेत यादव, कार्याण्मंत्री रामसिंह जाटव, सह कार्याण्मंत्री महेश बाथम, सदस्य कुलदीप वर्मा, गीता जाटव, नेहा शर्मा को नियुक्त किया गया। बैठक में सभी शासकीय सेवकों द्वारा नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। इसमौके पर राजेन्द्र सिंह धाकड़, भंवर सिंह धाकड़, विनोद कुमार शर्मा, सोवरन सिंह यादव, रामेश्वर दयाल कुशवाह, मलखान सिंह यादव, राजेन्द्र प्रसाद धाकड़, बाईसराम जाटव, रघुवीर सिंह जाटव, सुरेन्द्र सिंह जाटव, रामप्रकाश जाटव, रामकिशोर भदौरिया, गिर्राज यादव, सतीष शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह जादौन आदि मौजूद थे।

## छठवीं की छात्रा पलक-पायल ने मिट्टी की गणेश प्रतिमा बनाकर किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

**पुराने दिनारा की छात्राओं ने घर पर बनाई मिट्टी की गणेश प्रतिमा**



कस्बे के ग्राम पुराने दिनारा की रहने वाली छट वी कि छात्रा ने कहां गणेश चतुर्थी के त्योहार का लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। हर साल गणेश चतुर्थी भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी के दिन मनाई जाती है। यह त्योहार पूरे 8 दिन चलता है व अनंत चतुर्दशी के दिन गणपति बप्पा की मूर्ति का विसर्जन नदियों तालाबों में कर दिया जाता है। पलक ने बताया हमने अपने हिसाब से गुगल पर सर्च कर मिट्टी के गणेश जी की प्रतिमा का निर्माण किया है। मूर्ति का स्वरूप उन्होंने विभिन्न प्रकार के फोटो को देखकर चयन किया। श्रीगणेश बुद्धि के देवता भी है। हमने उनसे प्रार्थना की हमारी बुद्धि पढ़ाई में लगाए। छात्रा ने बहुत ही सुंदर सुंदर गणेश प्रतिमाओ का निर्माण किया अब इन श्रीजी का वह अपने अपने घर में गणेश चतुर्थी को स्थापित करे पूरे 8 दिन तक पूजा अर्चना करेगें। प्राकृतिक जल संरचनाओं को दूषित होने से रोका और लोगों में छात्रा ने लोगों को जागरूकता का संदेश दिया। पीओपी की मूर्तियां जल संसाधनों को दूषित करती है। पीओपी यानी प्लास्टर और पेरिस की मूर्तियां जिप्सम व चूना व सीमेंट से बनाई जाती है जो कि देखने में आर्कषण होने के साथ ही बाजारों में कम दामों में बेची जाती है लेकिन जब उन्हें विसर्जित किया जाता है। तो वह पानी में घुल नहीं पाती जो कि प्रकृति के लिए घातक साबित होता है वहीं इको फ्रेंडली मूर्तियां आसानी से पानी में घुल जाती है। इको फ्रेंडली मूर्तियां पानी में जल्दी घुल जाती है। पर्यावरण को स्वच्छ बनाये रखने के लिए प्लास्टर और पेरिस के स्थान पर हम इको फ्रेंडली यानी मिट्टी के गणपति बना कर प्रकृति का संतुलन बनाए रख सकते है। क्योंकि यह आसानी से पानी में बिना किसी प्रदूषण के घुल जाती है। कच्चे रंगों का प्रयोग व कागज व पुढे से बनकर तैयार होने वाली इको फ्रेंडली मूर्तियों से पानी में प्रदूषण का खतरा तो कम होता ही है। साथ ही हल्की होने के कारण इन्हें आसानी से कहीं भी ले जाया जा सकता है।

एसडीओपी की सख्ती के बाद ट्रैफिक बदहाल

## करैरा में ट्रैफिक जाम को लेकर थाना प्रभारी उतरे सड़कों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा/करैरा



शहर में लंबे समय से ट्रैफिक जाम की समस्या आमजन के लिए परेशानी का सबब बनी हुई थी। इस संबंध में लगातार शिकायतें एसडीओपी आईपीएस डॉ. आयुष जाखड़ को प्राप्त हो रही थीं। सबसे अधिक खराब स्थिति पुलिस सहायता केंद्र के आसपास थी, जहां अनियंत्रित बसों और सड़क पर खड़े ठेलों के कारण जाम के हालात बने रहते थे। स्थानीय लोगों की शिकायतों का संज्ञान लेते हुए आज करैरा थाना प्रभारी विनोद छावई ने स्वयं मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और जाम को हटवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। थाना प्रभारी ने पुलिस सहायता केंद्र के पास खड़ी बसों को सख्त चेतावनी दी कि इस क्षेत्र में जाम की स्थिति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बस चालकों को निर्देश दिए कि बसें यहां खड़ी न की जाएं और सड़क को अवरुद्ध करने से बचें। साथ ही, सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े ठेलों को भी व्यवस्थित ढंग से साइड में लगवाने के लिए कहा गया। थाना प्रभारी ने स्पष्ट चेतावनी दी कि अब से ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी और सड़क पर जाम की स्थिति को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### रन्नौद संकुल के शामावि धंदेरा में सार्थक एप्स पर नहीं लग रही हाजिरी

## शिक्षक गायब, अतिथि के भरोसे 91 विद्यार्थियों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रन्नोद

बदरवास विकास खण्ड के अंतर्गत आने वाले संकुल केंद्र रन्नोद क्षेत्र में स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय धंदेरा में पदस्थ शासकीय शिक्षक अपनी ड्यूटी से महीनों से नदारद हैं केवल दो अतिथि के भरोसे स्कूल संचालित किया जा रहा है जिस कारण छात्र छात्राओ की पढ़ाई चौपट हो रही हैं जिम्मेदारों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है। पीएम श्री, शासकीय उच्चतर माध्यमिक हायर सेकेंडरी संकुल केंद्र रन्नोद के क्षेत्र के सरकारी स्कूलों की हालत बहुत ही खराब है यहाँ लाखों रुपये वेतन पाने वाले गैर जिम्मेदार शिक्षक अपनी ड्यूटी से हमेशा नदारद रहते हैं जिस कारण छात्र छात्राओ का शैक्षणिक स्तर शून्य दिखाई दे रहा है ऐसा ही एक उदाहरण शासकीय माध्यमिक विद्यालय धंदेरा में वर्षो से पदस्थ राकेश श्रीवास्तव का देखने को मिला शिक्षा विभाग के अधिकारी भी इतना मेहरवान रहते है कि इनको स्कूल के प्रभार के साथ साथ सीएसी का भी अतिरिक्त प्रभार दे दिया जाता हैं इसी का रॉप दिखाकर अधिकारियों की सांठ गांठ से इस क्षेत्र के स्कूल के शिक्षको से हर माह लाखों की वसूली करते हैं। सरकारी स्कूल की जमीनी हकीगत माध्यमिक विद्यालय धंदेरा में 91 छात्र छात्राएं दर्ज हैं इनकी शैक्षणिक व्यवस्था के लिए एक शासकीय शिक्षक और दो अथिति शिक्षक धर्मेंद्र जाटव और गिर्राज सेन पदस्थ है। सोमवार को दोपहर के 12 बजे स्कूल में जाकर देखा तो पाया कि 15 से 20 छात्र छात्राएं स्कूल में उपस्थित है इनको पढ़ाने के लिए मात्र एक अतिथि शिक्षक धर्मेंद्र जाटव उपस्थित है मतलव साफ है की शासकीय शिक्षक राकेश श्रीवास्तव के मनमानी के चलते छात्र छात्राओ का भविष्य खतरे में है। स्थानीय ग्रामीणों की मांग ऐसे भ्रष्ट और निक्कमें शिक्षक पर वैधानिक कार्यवाही कर तत्काल सेवा समाप्त कर देनी चाहिए। आकस्मिक व्यय की राशि राशि खुर्द बुर्द शासकीय स्कूलों के रख रखाव के लिए, व्यवस्थाओं को सही से संचालित करने के लिए सरकार प्रत्येक वर्ष लाखों रुपये अलग अलग मद के रूप में इन सरकारी स्कुलों के खाते सीधे जमा करती हैं। माध्यमिक विद्यालय धंदेरा की कंटेन्जेंसी राशि को हर वर्ष प्रभारी राकेश श्रीवास्तव के द्वारा खुर्द बुर्द कर दी जाती है। पिछले कई वर्षो की आई राशि की जिला स्तर के अधिकारियों द्वारा जाँच की जायेगी तो राकेश श्रीवास्तव का एक घौटाला उजागर होगा।





**इनका कहना है**

स्कूल में शिक्षक नहीं आते तो में क्या करूं, इसके लिए पहले तो आप अपना कार्ड बाताओं इसके बाद में कुछ आगे कह पाऊंगा।

**रामनिवास जाटव**, बीईओ कोलारस